भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 552

दिनांक 05.02.2020 को उत्तर देने के लिए

न्यू एंड इमर्जिंग स्ट्रटैजिक टेक्नोलॉजीज़ डिवीजन

552. **श्री डीo एन o वीo सेंथिलकुमर एसः**

डॉ. सुभाष रामराव भामरेः

श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में न्यू एंड इमर्जिंग स्ट्रटैजिक टेक्नोलॉजीज़ डिवीजन (एन. ई. एस. टी. – नैस्ट) नामक एक नया प्रभाग गठित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त प्रभाग के गठन की मुख्य विशेषताओं और उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एन.ई.एस.टी. के गठन से नवीन प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों और परिदृश्य का सामना करने में सहायता मिलेगी;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) उक्त नया प्रभाग किस प्रकार कार्य करेगा और इससे भविष्य में होने वाले संभावित लाभ क्या है; और

(च) सरकार द्वारा राज्यों में उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रसार करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (च) जी हां, मंत्रालय ने प्रौद्योगिकी कूटनीति से जुड़ने तथा नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के विदेश नीति और अंतर्राष्ट्रीय कानूनी पहलूओं से निपटने के लिए न्यू एंड इमर्जिंग स्ट्रटैजिक टेक्नोलॉजीज डिविजन (एनईएसटी-नेस्ट) नामक एक नया प्रभाग गठित किया है। यह प्रभाग एक प्रभाग प्रमुख के पर्यवेक्षण में कार्य करेगा। इससे प्रौद्योगिकी संचालन के क्षेत्र में वैश्विक मंचों पर अधिक सक्रिय भागीदारी और उस संदर्भ में हमारे राष्ट्रीय हितों के संवर्धन में सहायता मिलेगी।

*****